ग्राम तुमनार में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बीजापुर 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। बीजापुर जिले के ग्राम तुमनार में 21 जून 2025 को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लाभों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो इस मिशन के प्रति उनकी रुचि और जागरूकता को दर्शाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें उप संचालक कृषि बीजापुर, पी एस कुशरे, और सहायक संचालक कृषि, कृष्ण कुमार सिंहा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पंकज कुमार नेताम मुख्य वक्ता और प्रदर्शनकर्ता के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें बीज उत्पादन, प्राकृतिक खाद जैसे घनजीवामृत, बीजामृत, जीवामृत, निमास्त्र और ब्रह्मास्त्र के निर्माण, और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाव के उपाय शामिल थे। पी एस कुशरे द्वारा बीज उत्पादन और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों पर चर्चा किया गया उन्होंने किसानों को बीज उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन पर जोर दिया, ।

उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव और केंचुए जैसे लाभकारी जीव नष्ट हो रहे हैं, जो मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं।

घनजीवामृत, बीजामृत, जीवामृत, निमास्त्र अग्नी अस्त्र, ब्रम्हास्त्र, पचपर्णीसार और दसपर्णीअर्क का जीवंत प्रदर्शन- सहायक संचालक कृषि, कृष्णकुमार सिंहा ने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण इनपुट्स, जैसे बीजामृत जीवामृत घनजीवामृत नीमास्त्र और ब्रह्मास्त्र के निर्माण की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों को दिखाया कि कैसे गोबर, गौमूत्र, और अन्य स्थानीय रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके ये जैविक खाद और बीज उपचार सामग्री तैयार की जा सकती हैं। बीजामृत, जो बीज उपचार के लिए उपयोग होता है, और जीवामृत, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक है, दोनों को बनाने की प्रक्रिया को किसानों ने बड़े ध्यान से देखा और समझा।

कृष्ण कुमार सिंहा ने बताया, बीजामृत और जीवामृत जैसे प्राकृतिक इनपुट्स न केवल सस्ते और आसानी से उपलब्ध हैं, बल्कि ये मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं और फसलों की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में तुमनार के किसानों ने बढ़ चढ़कर हिसा लिया। किसानों ने प्राकृतिक खेती की तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में गहरी रुचि दिखाई।

विधायक अटामी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव सम्पन्न

दंतेवाड़ा, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इस दिशा में स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित शिक्षक की पदस्थापना कर पढ़ाई के लिये सभी सुविधाएं मुहैया करा रही है। इसके अलावा एक शिक्षा का विकास सर्वांगीण होगा।

यह बात स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने दंतेवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा। इस अवसर पर विधायक अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूल बस्ता, पाठ्यपुस्तकें आदि प्रदान किया।

इस मौके पर विधायक अटामी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिस तरह किसान मानसून आने की प्रतीक्षा करते है उसी प्रकार मानसून के ही सीजन में स्कूली बच्चों का प्रवेशोत्सव होता है और इसी कड़ी में हम सब आज बड़े ही आनंद और खुशी के साथ इस शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित हुए है।

प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे नवाचारों को आरंभ किए जा रहे, जिससे बच्चों की पढ़ाई बेहद रोचक हो जायेगी। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले

के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है।

उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

नंदलाल ने कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

इस अवसर पर अधिकारीगण, स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों के माता-पिता, अभिभावकों के साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

5-5 किग्रा के 02 आईईडी बरामद कर किया गया नष्ट

बीजापुर 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। बीजापुर से डीआरजी और बीडीएस की टीम 22 जून को एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग के लिए पोंजेर से पेददाकोरमा की ओर निकली थी।डीमाईनिंग ड्यूटी के दौरान आज पूर्वान्ह 10.00 बजे पेद्दाकोरमा कच्चे रास्ते में माओवादियों द्वारा स्टील टिफीन में लगाए गए 02 नग ढ्ढश्वष्ठ को ष्टद्गह्लद्गष्ह्ल किया गया ।बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा बरामद ढ्ढश्वष्ठ को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया । माओवादियों के द्वारा ढ्ढश्वष्ठ 400 से 500 मीटर की दूरी पर नदी एवं नदी के ऊपर लगाया गया था। सुरक्षा बलों की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबों को विफल करते हुऐ, ढ्ढश्वष्ठ बरामद कर निष्क्रिय करने में सुरक्षा बलो को कामयाबी मिली।

सुकमा के सभी शिक्षण संस्थान बनेंगे तम्बाकू मुक्त

सुकमा, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में शिक्षा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया है। तम्बाकू मुक्त शिक्षा मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, सुकमा द्वारा एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शत-प्रतिशत तम्बाकू मुक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने गाँवों और नगरों में हाथों में तख्तियाँ लेकर रैली निकाली और आमजन को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। रैली के दौरान बच्चों ने जनसमुदाय से तम्बाकू का सेवन न करने की अपील की।

विश्व योग दिवस के अवसर पर, 21 जून को जिलेभर में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को च्तम्बाकू से मुक्त जीवन की शपथच्च् दिलाई गई। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई गई, बल्कि बच्चों में सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संकल्प भी लिया गया। जी.आर.मण्डावी जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि तम्बाकू के खिलाफ यह मुहिम निरंतर चलती रहे और सुकमा जिले को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त बनाया जा सके।

भवानी के जन्मजात हृदय रोग का हुआ सफल ऑपरेशन

नारायणपुर, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिले के बहुत से बच्चे इस योजना से लाभांवित हो रहे है इसी कड़ी में जिले के ओरछा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम नेड़नार की भवानी उसेण्डी पिता मुर्रा राम उसेण्डी जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित थी। जिसकी पहचान विकासखण्ड चिरायु दल ने की। 03 वर्षीय भवानी उसेण्डी के पिता पेशे से कृषक है तथा उनकी माता श्रीमती शांति उसेण्डी गृहणी है।

चिरायु दल के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डॉ. सतीश उसेण्डी, डॉ. सिलवंती सिहं, फार्मासिस्ट मदन शोरी, लैब टेक्निशीयन दिलीप उसेण्डी एवं ए.एन.एम. जसमती कचलाम के पूरी टीम ने केस की पहचान की इसके बाद बच्चे के माता पिता को रायपुर के उच्च संस्थान में बच्चे के निःशुल्क ईलाज की सम्पूर्ण जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एस. राज, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हुर्मेन्द्र जुर्री एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव बघेल के कुशल मार्गदर्शन में चिरायु दल के द्वारा भवानी उसेण्डी को बालाजी अस्पताल रायपुर ले जाकर निःशुल्क सफल ऑपरेशन करवाया गया।

सफल ऑपरेशन के बाद परिवार एवं पालकों में खुशी का माहौल है। पालकों ने स्वास्थ्य विभाग एवं चिरायु टीम ओरछा का आभार जताया है।

शरीर, मन और आत्मा के समन्वय में सहायक है योगः- टेकाम

- दवाओं पर निर्भरता कम करती है योग
- विकास नगर स्टेडियम में आयोजित किया गया जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम

कोंडागांव, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। ग्यारहवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कोंडागांव जिले में 21 जून को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के विकास नगर स्टेडियम सहित विभिन्न स्थानों पर सुबह योगाभ्यास प्रदर्शन किया गया। कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए।

इस अवसर पर टेकाम ने कहा कि योग केवल शारीरिक कसरत नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर के समन्वय का पहचान बन चुका है। उन्होंने बताया कि इस बार का यह आयोजन %एक पृथ्वी, एक स्वास्थ%% थीम पर आयोजित किया गया।

टेकाम ने योग के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याएँ सामने आ रही हैं। योग ऐसी विधा है, जो दवाओं पर निर्भरता कम करके व्यक्ति को भीतर से स्वस्थ बनाती है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद लोगों ने योग और ध्यान की शक्ति को और गहराई से समझा है। उन्होंने कहा कि योग न तो जाति-धर्म देखता है, न ही उम्र । यह सबके लिए है- छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक।

योग से शारीरिक व मानसिक क्षमता बढ़ती है, विकार दूर होता है-सांसद नाग

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों के किया सामूहिक योगाभ्यास

कांकेर, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में नगरवासियों से एक साथ योगाभ्यास किया। पीएम नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सामूहिक योग में हिस्सा लिए तथा विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। इस दौरान कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, नगर पालिका कांकेर अध्यक्ष अरूण कौशिक सहित जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का एक साथ सामूहिक अभ्यास किया।

योगाभ्यास के उपरांत मुख्य अतिथि सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि योग एवं अध्यात्म की भारत की प्राचीन परम्परा को सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। इसे वैश्विक स्तर पर अधिमान्य दिलाने का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है जिनके सद्प्रयासों से यह संभव हो सका। उन्होंने आगे कहा कि योग से शारीरिक व मानसिक क्षमता बढ़ती है तथा विकार दूर होता है और स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत ही आवश्यक है।

इसके पहले, नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण आज सुबह सात बजे सभी उपस्थित अतिथियों के साथ योग प्रशिक्षक मोहन सेनापति के द्वारा बैठकर, खड़े होकर तथा लेटकर किए जाने वाले सूक्ष्म योग, अर्द्धचक्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन, शशकासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, उत्तानपाद आसन, कटिचक्रासन, अर्धकटिचक्रासन, उष्ट्रासन, अर्धउष्ट्रासन, मत्स्यासन, मार्जारासन सहित विभिन्न प्रकार योग मुद्रा का अभ्यास कराया गया, साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी जैसे विभिन्न प्राणायामों का सामूहिक अभ्यास कराया गया। इसी तरह जिले की सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों, विद्यालयों तथा संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया।

भाजपाइयों ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस

बीजापुर 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। बीजापुर के अटल सदन कार्यालय (भाजपा कार्यालय) में आज भारत जनसंघ के संस्थापक रहे डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को मनाया गया।

अटल सदन कार्यालय में उनके शैल चित्र में बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के कारण कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग बना। आजादी के बाद पंडित नेहरू एवं शेख अब्दुल्ला के साथ हुए समझौते के तहत जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। इसके तहत जम्मू कश्मीर का अपना अलग सविंधान था। डॉ मुखर्जी को ने एक देश दो विधान,दो निशान,दो प्रधान के खिलाफ आंदोलन चलाया। उनका देश के नाम एक ही नारा था एक विधान,एक निशान पर देश चलेगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष घांसीराम नाग ने अपने संबोधन में कहा वैकल्पिक सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान और दो विधान का विरोध किया। वे सांस्कृतिक एकता के समर्थक थे। संसद में धारा-370 को समाप्त करने की वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू की रैली में उन्होंने कहा था कि या तो वे कश्मीर को भारतीय संविधान दिलाएंगे या अपना जीवन बलिदान कर देंगे। इस दौरान कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी व मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्तागण,सभी पार्षदगण उपस्थित रहें।

संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न दुकानों में छापामार कार्यवाही की गई

- 11500 रूपए जुमार्ना वसूली

बीजापुर 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा विकासखंड मुख्यालय भोपालपट्टनम के खाद्य प्रतिष्ठानों में गुणवत्ता की जांच एवं सफाई के निरीक्षण के लिए एक संयुक्त टीम गठित किया गया, जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल रहे। टीम के द्वारा शहर के मिठाई दुकानों, होटल, ढाबा, मटन चिकन शॉप में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। अत्यधिक खाद्य रंग के प्रयोग वाले खाद्य पदार्थों का सर्वेलेंस सैम्पल लिया गया। ढाबों में साफ सफाई में कमी पाए जाने पर एवं वेज नॉनवेज खाद्य पदार्थों को एक साथ एक ही फ्रिज में रखें हुए पाए जाने पर टीम द्वारा मोना ढाबा से 1500, शिव राजन ढाबा से 2000, इंद्रावती हाईवे ढाबा से 1500, रामबाबू चिकन सेंटर से 500, शिव चिकन सेंटर से 500, टी. सत्यनारायण होटल से 1000, अंश फास्ट फूड से 1000, बिस्मिल्लाह चिकन सेंटर से 1000, ्यत्रह नाश्ता सेंटर से 500, साहू समोसा जलेबी भंडार से 500, कन्हैया बीकानेर से 1000 एवं साजिद सिद्दिकी से 500 कुल 11,500 रूपये का जुर्माना लगाया गया। मटन एवं चिकन शॉप में साफ सफाई के लिए टीम द्वारा निर्देशित किया गया। जिन दुकानदारों ने खाद्य पंजीयन नहीं बनवाया है उन्हें लाइसेन्स/पंजीयन बनवाने के निर्देश दिए गए।